# म.प्र. जन अभियान परिषद्

(योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, म.प्र.शासन)
35, राजीव गांधी भवन, द्वितीय खण्ड, श्यामला हिल्स, भोपाल (म.प्र.)
दूरभाषः 0755-2660235, 2660203, Email – socjap@mp.gov.in

क्र. 766 /ज.अ.प./2024 भोपाल, दिनांक 2 / 05 /2024

प्रति,

संभाग समन्वयक (समस्त)
जिला समन्वयक (समस्त)
विकासखण्ड समन्वयक (समस्त)
म.प्र. जन अभियान परिषद्,

**विषय–** **मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित समाजकार्य स्नातक एवं परास्नातक (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत् विकास) पाठ्यक्रम संचालन की आगामी तीन माह की गतिविधियों के संबंध में।**

**संदर्भ – माननीय कार्यपालक निदेशक के निर्देशन में सम्पन्न वर्चुअल बैठक दिनांक 30.04.2024 ।**

संदर्भित बैठक में दिये गये निर्णयानुसार मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत समाजकार्य स्नातक एवं परास्नातक (सामुदायिक नेतृत्व एवं सतत् विकास) पाठ्यक्रम संचालन हेतु निम्नानुसार गतिविधियां संपादित की जानी हैं –

1 पूर्व की समस्याओं के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता से हल कराये जाने के लिए समस्त संभाग समन्वयक निर्धारित समय-सारणी के अनुसार आवश्यकतानुसार अपने जिला समन्वयकों और एक कम्प्यूटर ऑपरेटर (लैपटॉप सहित) के साथ महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट में रहकर समस्याओं का समाधान करावें। विश्वविद्यालय के गेस्ट हाउस में उनके आवास की व्यवस्था रहेगी। संभाग समन्वयक इस अवधि में अपने संभाग के अंतर्गत आने वाले समस्त सीएमसीएलडीपी अध्ययन केन्द्रों को समस्या शून्य अर्थात जीरो पेन्डेंसी केन्द्र बनायें। जिन समस्याओं का विश्वविद्यालय के सहयोग से निराकरण करना है वे निम्न प्रकार की होंगी –

- अप्राप्त अंकसूचियों का निराकरण, परिणाम घोषित न होने की समस्या का निराकरण।
- प्रदत्त कार्य/आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक कार्य/प्रोजेक्ट रिपोर्ट इत्यादि के कारण परिणाम घोषित न होने की समस्या का निराकरण।
- सैद्धान्तिक प्रश्न पत्रों में अनुपस्थित, अनुत्तीर्ण एवं शून्य अंक प्राप्ति की समस्या का निराकरण।
- प्रायोगिक परीक्षकों/प्राचार्यो का मानदेय न प्राप्त होने की समस्या का समाधान।
- डिग्री/माईग्रेशन के अवशेष प्रकरणों का समाधान।
- सीएमसीएलडीपी से संबंधित अन्य प्रकरणों का समाधान।

**प्रवास हेतु संभागवार तिथियां निम्नवत् होंगी–**

- 06 से 08 मई 2024 – रीवा, शहडोल
- 09 से 13 मई 2024 – जबलपुर
- 14 से 16 मई 2024 – सागर
- 17 से 20 मई 2024 – भोपाल एवं नर्मदापुरम्
- 21 से 24 मई 2024 – ग्वालियर एवं चंबल
- 25 से 27 मई 2024 – उज्जैन
- 28 से 31 मई 2024 – इंदौर

संभाग समन्वयक अपने कार्यक्षेत्र में आने वाले अध्ययन केन्द्रों की सभी समस्यायें सावधानीपूर्वक एकत्रित करें। उनके निराकरण से संबंधित यथोचित साक्ष्य एवं अभिलेख विकासखण्ड/जिलेवार अलग-अलग

लिफाफों में रखकर पूरी तैयारी से विश्वविद्यालय जाये। जिससे एक बार में ही समस्याओं का यथोचित निराकरण हो सके।

2. विश्वविद्यालय द्वारा सैद्धान्तिक विषयों की वार्षिक परीक्षा 11 से 23 जून 2024 प्रस्तावित की गई है। इससे पूर्व प्रायोगिक परीक्षायें और आंतरिक मूल्यांकन सम्पन्न कराना है। अतः विकासखण्ड समन्वयक अपनी/छात्रों की सुविधा अनुसार 15 मई से 10 जून 2024 के मध्य आंतरिक परीक्षाओं का आयोजन करना सुनिश्चित करें। इसके लिए केन्द्रवार तीन विशेषज्ञ परीक्षकों की सूची पोर्टल पर अनिवार्यतः दिनांक 10 मई 2024 के पूर्व अपलोड करा दें।
3. जिन तिथियों में अध्ययन केन्द्रों पर कक्षायें सम्पन्न हुई हैं उन तिथियों में केन्द्रवार छात्रों की उपस्थिति में एमआईएस पर अपलोड कराया जाना दिनांक 10 मई 2024 तक सुनिश्चित करें।
4 परीक्षा फार्म भरने से वंचित रह गये छात्रों के लिए फीस और फार्म भरने का अवसर पुनः दिया जा रहा है। अतः संपर्क कक्षाओं में निरंतर उपस्थित होने वाले ऐसे छात्र जिनकी पहली किश्त जमा थी। जिनका दूसरी किश्त का ट्रान्जेक्शन फेल हो गया था। जो निरंतर कक्षाओं में आ रहे थे लेकिन दूसरी किश्त जमा नहीं कर पाये थे। जिन्होंने पूरी फीस जमा कर दी थी लेकिन फार्म सबमिट नहीं किया था या किसी अन्य कारणवश फीस की दूसरी किश्त और फार्म नहीं भर सके थे। ऐसे छात्रों के लिए फीस जमा करने हेतु 01 मई से 15 मई 2024 तक पोर्टल ओपन किया जा रहा है। ऐसे छात्रों की फीस जमा न करायें, जिन्होंने अभी तक एक भी किश्त जमा नहीं की है।
5. शैक्षणिक सत्र 2024-25 में बीएसडब्ल्यू की 40 एवं एमएसडब्ल्यू की 50 सीटों के लिए अध्ययन केन्द्रवार प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। अतः संपर्क के माध्यम से पाठ्यक्रम की उपयोगिता और आयामों को तर्क सम्मत ढंग से छात्रों और अभिभावकों के बीच रखकर उच्च गुणवत्ता के छात्रों को इस पाठ्यक्रम आकृष्ट कर प्रवेश लेने हेतु प्रेरित करने का प्रयास करें।
6. केन्द्र पर अध्ययन सामग्री की अप्राप्तता, वैकल्पिक एवं व्यावसायिक विषयों में किसी प्रकार की स्पष्टता पोर्टल पर प्रदत्त कार्यो को अपलोड करने और प्रोजेक्ट वर्क का प्रतिवेदन तैयार करने में तथा पोर्टल/विद्यार्थी एप्प पर अध्ययन सामग्री को एक्सेस और डाउनलोड करने में आने वाली किसी भी तरह की समस्या के निराकरण के लिए निदेशक सेल, म.प्र. जन अभियान परिषद् मो. नं. 9755289063 एवं प्रभारी सीएमसीएलडीपी मो. नं. 8770768754 से संपर्क किया जा सकता है।

**(कार्यपालक निदेशक महोदय द्वारा अनुमोदित)**

2.5.24
निदेशक (सेल)
म.प्र. जन अभियान परिषद्

पृ.क्र. 767 /ज.अ.प./2024 भोपाल, दिनांक 2/05/2024

प्रतिलिपि –

1. निज सहायक, कार्यपालक निदेशक, म.प्र. जन अभियान परिषद् की ओर सूचनार्थ।
2. निदेशक सीएमसीएलडीपी, महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट सतना को इस आशय से कि वे विश्वविद्यालय अतिथि गृह में परिषद् सदस्यों के लिए उपरोक्त तिथियों में दो कक्ष आरक्षित करने हेतु निर्देश दें एवं अधीनस्थ कार्यालय को उपरोक्तानुसार समस्याओं के निराकरण हेतु वांछित सहयोग प्रदान करने हेतु निर्देशित करें।
3. प्रबंधक, सेन्टर फॉर रिसर्च एण्ड इण्डस्ट्रियल स्टाफ परफॉरमेंस (क्रिस्प) की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. गार्ड नस्ती।

2.5.24
निदेशक (सेल)
म.प्र. जन अभियान परिषद्